वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 26 मार्च 2020

**–: प्रेस विज्ञप्ति :-**

## तालाबंदी की परिस्थिति में अभाविप द्वारा स्टूडेंट्स हेल्पलाइन जारी

### स्थानीय प्रशासन की मदद हेतु इच्छुक छात्रों का करेगा रजिस्ट्रेशन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कोरोना वायरस महामारी के दौरान देशभर में तालाबंदी परिस्थिति के समय छात्रावासों में तथा अपने घर से दूर रहकर पढाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन जारी की गई। साथ ही स्थानिक प्रशासन की विभिन्न व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग करने हेतु इच्छुक विद्यार्थियों का अखिल भारतीय स्तर पर स्वयंसेवकों का रजिस्ट्रेशन भी प्रारम्भ करेगी।

अभाविप ने कोरोना वायरस तालाबंदी से उत्पन्न परिस्थिति में शिक्षा संस्थानों के बंद होने, परीक्षाओं के स्थगित होने तथा आगामी प्रवेश, परीक्षा और परिणाम सम्बंधित उठने वाली समस्याओं को लेकर शिक्षा समुदाय से व्यापक अपील की, कि वे अपने सुझाव ऑनलाइन, सोशल मिडिया तथा ईमेल द्वारा अभाविप को प्रेषित करें, जिससे रचनात्मक समाधान प्रदान किये जा सकें। अभाविप इस निम्मित शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालयों, विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं से समाधान हेतु प्रयासों को आगे बढ़ाएगी।

आम विद्यार्थियों, युवाओं एवं अभाविप कार्यकर्ताओं से यह भी अपील है, कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से अपने स्थानीय क्षेत्र की सरकारी व्यवस्था की ज्यादा से ज्यादा आधिकारिक जानकारी साझा करें, जिससे इस कठिन समय में आम जनमानस को सही और सटीक जानकारी मिलने में सुलभता हो।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों तथा छात्रों से अपनी समस्याएं एवं सुझाव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तक ऑनलाइन माध्यमों से पहुंचाने की अपील करते हुए आश्वस्त किया, कि अभाविप विभिन्न संस्थाओं तथा सरकार तक उनकी बात पहुंचाने और निस्तारण का काम करेगी। साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शीघ्र ही एक ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से ऐसे सभी कार्यकर्ता जो अपने क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन की सहायता घर-घर सुविधाएं पहुंचाने में करना चाहते हैं, उनका पंजीकरण प्रारंभ करेगी। अभाविप पंजीकृत स्वयंसेवकों का स्थानीय प्रशासन से संपर्क स्थापित करने का काम करेगी, जिससे वह प्रशासन की योजना अनुरूप कार्य कर सकें।

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)**